डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(नेशनल अकादमी ऑफ़ लेटर्स)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अका. 61 / 19 / वाईपी / पीआर 14 जून 2019

## प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2019 में कविता रही अव्वल

नई दिल्ली। साहित्य अकादेमी ने आज 23 भाषाओं में अपने वार्षिक युवा पुरस्कार 2019 की घोषणा की। कविता की 11 पुस्तकों, कहानी की 6 पुस्तकों, 5 उपन्यासों और 1 साहित्यिक आलोचना की कृति को साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2019 से नवाज़ा गया।

23 भाषाओं के प्रतिनिधि लब्धप्रतिष्ठ सदस्यों की चयन समिति द्वारा अनुशंसित इन पुरस्कारों के लिए आज साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में साहित्य अकादेमी के कार्यकारी मंडल ने संस्वीकृति प्रदान की।

कविता विधा में जिन रचनाकारों को उनकी कृतियों के लिए पुरस्कार हेतु चुना गया, वे इस प्रकार हैं – रुजब मुशाहारी (बोडो), अनुज लुगुन (हिंदी), सागर नाज़िर (कश्मीरी), अनुजा अकथुट्टु (मलयाळम्), जितेन ओइनाम्बा (मणिपुरी), सुशील कुमार शिंदे (मराठी), करन बिराहा (नेपाली), युवराज भट्टराई (संस्कृत), गुहिराम किस्कू (संताली), किरन परयाणी 'अनमोल' (सिंधी) और सबरीनाथन (तमिळ)।

कहानी विधा में जिन कहानीकारों का पुरस्कार हेतु चयन किया गया, उनमें शामिल हैं – संजीब पॉल डेका (असमिया), सुनील कुमार (डोगरी), तनुज सोलंकी (अंग्रेज़ी), अजय सोनी (गुजराती), हेमंत अइया (कोंकणी) और कीर्ति परिहार (राजस्थानी)।

उपन्यास विधा में पुरस्कृत कथाकार हैं – मोमिता (बाङ्ला), फकीर (श्रीधर बनवासी जी.सी.) (कन्नड), यदविंदर सिंह संधू (पंजाबी), गड्डम मोहन राव (तेलुगु) और सलाम अब्दुस समद (उर्दू)।

साहित्यिक आलोचना के लिए शिशिरा बेहेरा (ओडिया) का पुरस्कार हेतु चयन किया गया।

मैथिली भाषा के लिए पुरस्कार शीघ्र की तिथियों में घोषित किए जाएँगे।

प्रक्रिया के अनुसार, कार्यकारी मंडल ने चयन समिति द्वारा एकमत अथवा बहुमत से चुनाव के आधार पर पुरस्कारों की घोषणा की। ये पुरस्कार किसी लेखक, जिसकी उम्र पुरस्कार–वर्ष में 1 जनवरी को 35 वर्ष से कम हो, उसकी प्रकाशित पुस्तक पर दिए जाते हैं।

पुरस्कार विजेता को पुरस्कार–स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्र फलक तथा रु. 50000 / – की राशि का चेक आने वाली किसी तिथि में एक विशेष कार्यक्रम में प्रदान किए जाएँगे।

(के. श्रीनिवासराव)

संलग्नक : पुरस्कार विजेताओं की सूची
पुरस्कार चयन समिति के सदस्यों की सूची

# साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2019

| *भाषा* | *शीर्षक और विधा* | *लेखक* |
|---|---|---|
| असमिया | ई पिने की आसे? (कहानी) | संजीब पॉल डेका |
| बाङ्ला | कुंतल फिरे आसे (उपन्यास) | मोमिता |
| बोडो | साँसरी अर्व मवंडांगथिनी मुखंङ | रुजब मुशाहारी |
| डोगरी | सीस (कहानी) | सुनील कुमार |
| अंग्रेज़ी | दीवाली इन मुज़फ़्फ़रनगर (कहानी) | तनुज सोलंकी |
| गुजराती | रेतिनो मनस (कहानी) | अजय सोनी |
| हिंदी | बाघ और सुगना मुंडा की बेटी (कविता) | अनुज लुगुन |
| कन्नड | बेरू (उपन्यास) | फकीर (श्रीधर बनवासी जी.सी.) |
| कश्मीरी | थेर अंगनेच (कविता) | सागर नाज़िर |
| कोंकणी | कथाकार (कहानी) | हेमंत अइया |
| मलयाळम् | अम्मा उरंगुन्निल्ला(कविता) | अनुजा अकथुट्टु |
| मणिपुरी | कन्वस्ता तरक्पा पिरांगना (कविता) | जितेन ओइनाम्बा |
| मराठी | शहर आत्महत्या करायचा महंताय (कविता) | सुशील कुमार शिंदे |
| नेपाली | चरकियेको भुई (कविता) | करन बिराहा |
| ओड़िया | विमुग्ध उच्चारण (साहित्यिक आलोचना) | शिशिरा बेहेरा |
| पंजाबी | वक्त बितेया नहीं (उपन्यास) | यदविंदर सिंह संधू |
| राजस्थानी | सगळां रौ सीर (कहानी) | कीर्ति परिहार |
| संस्कृत | वाग्विलासिनी (कविता) | युवराज भट्टराई |
| संताली | जारपोदिशमरिन मानमो (कविता) | गुहिराम किस्कू |
| सिंधी | अनमोल रिश्ते (कविता) | किरन परयाणी 'अनमोल' |
| तमिळ | वाल (तैल) (कविता) | सबरीनाथन |
| तेलुगु | कोंगवलु कथि (उपन्यास) | गड्डम मोहन राव |
| उर्दू | लफ़्ज़ों के लहू (उपन्यास) | सलाम अब्दुस समद |

मैथिली भाषा में पुरस्कार शीघ्र घोषित किया जाएगा।

## साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2019 के निर्णायक मंडल के सदस्य

| | |
|---|---|
| **असमिया**<br>डॉ. अनिल शइकीया<br>श्री अनुपम कुमार<br>प्रो. बिभाष चौधुरी | **मराठी**<br>श्री गणेश अवाटे<br>श्री प्रफुल्ल शिलेदार<br>श्री श्रीकांत देशमुख |
| **बाङ्ला**<br>श्री प्रफुल्ल रॉय<br>श्री सुमन सेनगुप्ता<br>प्रो. तपोधीर भट्टाचार्जी | **नेपाली**<br>श्री चंद्रमणि उपाध्याय<br>डॉ. गीता छेत्री<br>श्री के.बी. नेपाली |
| **बोडो**<br>डॉ. दीपक बसुमतारी<br>प्रो. सुरथ नार्ज़ारी<br>डॉ. भौमिक च. बर' | **ओड़िया**<br>सुश्री परामिता सतपथी<br>डॉ. जयंती रथ<br>डॉ. क्षीरोद चंद्र बेहेरा |
| **डोगरी**<br>श्री मोहन सिंह<br>श्री शैलेंद्र सिंह एसएसपी<br>श्री शिवदेव सिंह 'सुशील' | **पंजाबी**<br>श्री बलदेव सिंह सड़कनामा<br>प्रो. मंजीत इंदिरा<br>डॉ. प्रीतम सिंह |
| **अंग्रेज़ी**<br>प्रो. नीलोफर भरूचा<br>श्रीमती सुरभि बनर्जी<br>श्री जेरी पिंटो | **राजस्थानी**<br>डॉ. ब्रजरतन जोशी<br>श्री जितेंद्र निर्मोही<br>श्री उपेंद्र अनु |
| **गुजराती**<br>श्री रतिलाल बोरीसागर<br>श्रीमती शालिनी सी. टोपीवाला<br>श्रीमती शरीफ़ा विजलीवाला | **संस्कृत**<br>श्री के.ई. देवनाथन<br>श्री हर्षदेव माधव<br>श्री सत्यनारायण चक्रवर्ती |
| **हिंदी**<br>डॉ. अल्पना मिश्र<br>श्री एकांत श्रीवास्तव<br>प्रो. मोहन | **संताली**<br>श्री देवी प्रसन्ना बेसरा<br>श्री मानसिंह माझी<br>श्री श्रीकांत सोरेन |
| **कन्नड**<br>डॉ. विक्रम विसाजी<br>सुश्री मालती पट्टनशेट्टी<br>श्री नीलकंठगौड़ा एच.एन. | **सिंधी**<br>श्री मनोज चावला<br>डॉ. विनोद असुदानी<br>डॉ. कमला गोकलानी |
| **कश्मीरी**<br>डॉ. आफ़ाक़ अज़ीज़ यट्टू<br>श्री रहीम रहबर<br>श्री शौकत अंसारी | **तमिळ**<br>प्रो. डॉ. के. पंजांगम<br>डॉ. के.एस. सुब्रह्मण्यन<br>डॉ. आर. कुरिंजीवेंदन |
| **कोंकणी**<br>डॉ. चंद्रशेखर शिनॉय<br>श्री गोकुलदास प्रभु<br>श्री तुकाराम सेठ | **तेलुगु**<br>श्री जुकांति जगन्नाधम<br>डॉ. मृणालिनी सी.<br>श्री रविकांति वसुनंदन |
| **मलयाळम्**<br>डॉ. गीता पुतुस्सेरी<br>डॉ. पी.एस. राधाकृष्णन<br>डॉ. नेदुमुदि हरिकुमार | **उर्दू**<br>प्रो. मोहम्मद ज़ाकि़र<br>प्रो. शाफ़े किदवई<br>श्री इक़बाल मसूद |
| **मणिपुरी**<br>श्री लोङजम जयचंद्र सिंह<br>डॉ. नाओरेम बिद्यासागर<br>प्रो. ख. कुंजो सिंह | |